# Fiberweb (India) Limited

Manufacturers of : Spunbond Nonwoven Fabrics

**Date: 9th November, 2020**

To,
**BSE Limited,**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Fort,
Mumbai - 400001

**Ref: Scrip Code: 507910 – Fiberweb (India) Limited**

**Sub: Submission of Advertisement published in newspaper for Standalone & Consolidated Unaudited Financial Results for the 2nd quarter and half year ended 30th September, 2020.**

Dear Sir/Madam,

In compliance with the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations 2015, we are enclosing herewith advertisement published in the newspaper.

Kindly take note of the same.

Thanking you,

Yours faithfully,

For **Fiberweb (India) Limited**

FIBERWEB (INDIA) LIMITED

**Dipika Shinde**
**Company Secretary & Compliance Officer**

## विदेश समाचार



वाशिंगटन में अमेरिकी चुनावों के बाद हुई हिंसा को देखते हुए व्हाइट हाउस के सामने तैनात पुलिस।

## तालिबान के खिलाफ अफगानिस्तान ने की एयर स्ट्राइक ढेर किए 29 आतंकवादी

**काबुल( ईएमएस )** तालिबान के खिलाफ अफगानिस्तान की सेना ने बड़ी कार्रवाई की है और 3 अलग-अलग स्थानों पर किए एयर स्ट्राइक में 29 आतंकियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि अफगानिस्तान सेना की इस मुहिम में तालिबान का एक खुफिया अधिकारी भी मारा गया है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हेलमंड प्रांत के नाद अली जिले में तालिबानी समूह पर हुए हवाई हमले में तालिबान के 10 सदस्य मारे गए। मंत्रालय ने दावा किया कि नाद अली जिले में एक तालिबानी खुफिया अधिकारी को मारा गया है और हमले में तालिबान का एक गवर्नर भी जख्मी हुआ है। मंत्रालय ने बताया कि कल हुए हवाई हमले में कुंडुज प्रांत के इमाम साहब और खान अबाद जिलों में 12 तालिबानी मारे गए थे, जबकि 6 अन्य घायल हुए थे। इसके अलावा तालिबान के 2 किले और बड़ी मात्रा में हथियार व गोला बारूद भी नष्ट किए गए हैं। इसके अलावा जाबुल प्रांत के शिंकई जिले में किए गए हवाई हमले में 7 तालिबानी मारे गए, जबकि 3 अन्य घायल हुए। मंत्रालय ने बताया कि इसके साथ ही शाहरी सफा जिले में सार्वजनिक सड़कों पर तालिबान द्वारा लगाए गए 4 आईईडी को खोजकर एएनए द्वारा डिफ्यूज किया गया।

## म्यांमार में सत्ता में फिर से आने की कोशिश में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता आंग सान सू ची

**यंगून( ईएमएस )।** म्यांमार में रविवार को राष्ट्रीय एवं राज्य के चुनाव होने हैं, जिसमें नोबेल शांति पुरस्कार विजेता आंग सान सू ची की 'पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी' सत्ता में फिर से आने की कोशिश कर रही है। म्यांमार के पांच करोड़ 60 लाख लोगों में से तीन करोड़ 70 लाख से अधिक लोग अपने मताधिकारों का इस्तेमाल कर सकेंगे। देश की 90 से अधिक पार्टियों ने संसद के ऊपरी और निचले सदन के लिये उम्मीदवार उतारे हैं। म्यांमार में 2015 में हुये चुनाव में नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी की जबरदस्त जीत के साथ देश से 50 साल के सैन्य अथवा सैन्य निर्देशित शासन का अंत हुआ था। उन चुनावों को बहुत हद तक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष माना गया था, लेकिन उसमें एक अपवाद था। सेना ने 2008 में संविधान तैयार किया था, जिसके अनुसार संसद की 25 फीसदी सीट स्वतः सेना को मिल जाती हैं जो संवैधानिक बदलाव को अवरूद्ध करने के लिये पर्याप्त हैं। देश में लहर सू ची की पार्टी की है और वह जीत सकती है, हालांकि बहुमत कम मिलने के आसार हैं। सू ची देश में अब तक की सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उनकी पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी का देश भर में मजबूत नेटवर्क है। हालांकि एनएलडी की आलोचना होती है कि उसके पास दृष्टिकोण नहीं है और यह कि वह सैन्य शासन की ही भांति अपने आलोचकों से निपटने के लिए अदालत का सहारा लेती है।

## बांग्लादेश में हजारों की तादाद में लोगों ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**ढाका ( ईएमएस )।** इस्लामी चरमपंथ को लेकर फ्रांस की सरकार द्वारा कड़े रुख को लेकर बांग्लादेश की राजधानी ढाका में हजारों की तादाद में लोगों ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का विरोध करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। इसे इस संबंध में अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन कहा जा रहा है। मैक्रों ने उन धर्मनिरपेक्ष कानूनों का समर्थन किया है जिनके तहत पैगंबर मोहम्मद पर कार्टून बनाने की अनुमति है। यह प्रदर्शन हजारों इस्लामिक स्कूलों के शिक्षकों और छात्रों के नेटवर्क 'हिफाजत-ए-इस्लाम' समूह ने आयोजित किया था। हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी राजधानी के पुराने इलाके की मुख्य बैतुल मोकर्रम मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए। प्रदर्शनकारियों ने 'फ्रांस की वस्तुओं का बहिष्कार करो' जैसे नारे लगाए और फ्रांस के राष्ट्रपति का पुतला जलाया। समूह के एक नेता नूर-हुसैन-काश्मी ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं फ्रांस सरकार से विश्व भर के दो अरब मुसलमानों ने माफी मांगने की मांग करता हूं।

## म्यांमार में मतदान आज, फिर सत्ता में लौट सकती हैं नोबेल विजेता आंग सान सू ची

**यांगून ( ईएमएस )।** म्यांमार में रविवार को राष्ट्रीय एवं राज्य के चुनाव होने हैं, जिसमें नोबेल शांति पुरस्कार विजेता आंग सान सू ची की 'पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी' सत्ता में फिर से आने की कोशिश कर रही है। चुनाव में म्यांमार के पांच करोड़ 60 लाख लोगों में से तीन करोड़ 70 लाख से अधिक लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। देश की 90 से अधिक पार्टियों ने संसद के ऊपरी और निचले सदन के लिए उम्मीदवार उतारे हैं। म्यांमार में 2015 में हुये चुनाव में नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी की जबरदस्त जीत के साथ देश से 50 साल के सैन्य अथवा सैन्य निर्देशित शासन का अंत हुआ था। उन चुनावों को बहुत हद तक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष माना गया था लेकिन उसमें एक अपवाद था। सेना ने 2008 में संविधान तैयार किया था जिसके अनुसार संसद की 25 फीसदी सीट स्वतः सेना को मिल जाती हैं जो संवैधानिक बदलाव को अवरूद्ध करने के लिए पर्याप्त हैं। देश में लहर सू ची की पार्टी की है और वह जीत सकती है, हालांकि बहुमत कम मिलने के आसार हैं। सू ची देश में अब तक की सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उनकी पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी का देश भर में मजबूत नेटवर्क है।

## भारतीय राजनयिक विदिशा मैत्रा यूएन समिति में सदस्य चुनी गई

**जेनेवा ( ईएमएस )।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत की धमक और बढ़ गई है। भारतीय राजनयिक विदिशा मैत्रा को प्रशासनिक एवं बजट संबंधी प्रश्न (एसीएबीक्यू) पर संयुक्त राष्ट्र की सलाहकार समिति में सदस्य चुना गया है। यह महासभा का एक आनुषंगिक अंग है। एशिया प्रशांत राष्ट्र समूह में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव मैत्रा ने 126 वोट हासिल किए। महासभा सलाहकार समिति में सदस्यों को नियुक्त करती है। सदस्यों का चयन व्यापक भौगोलिक प्रतिनिधित्व, निजी योग्यता और अनुभव के आधार पर होता है। मैत्रा एशिया-प्रशांत राष्ट्रों के समूह से नामित हुए दो उम्मीदवारों में से एक हैं। समूह में इराक के अली मोहम्मद फइक अल-दबग को 64 मत मिले। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा जो एक जनवरी 2021 से शुरू होगा। यह जीत ऐसे वक्त में हुई है जब भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दो साल के लिए अस्थायी सदस्य के तौर पर जनवरी 2021 से कार्यभार संभालने की तैयारी कर रहा है।

# पीएम मोदी आज हजीरा-घोघा के बीच रोपेक्स फेरी सेवा का शुभारंभ कराएंगे

**अहमदाबाद ( ईएमएस )।** दीपावली से पहले गुजरात को देश की पहली सी प्लेन सेवा मिलने के बाद अब कल एक और सौगात राज्य के नागरिकों को मिलेगी। पिछले कई महीनों से बंद रोपेक्स फेरी सर्विस 8 नवंबर से फिर शुरू होगी। रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली से हजीरा-घोघा के बीच रोपेक्स फेरी सर्विस का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत विशेष महानुभाव उपस्थित रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया भी सूरत के हजीरा स्थित अदाणी पोर्ट पर मौजूद रहेंगे। सूरत के हजीरा-घोघा रोपेक्स फेरी का जहाज पोर्ट पर आ चुका है। जो भारत में पहला ऐसा जहाज है जिसमें वाहनों के साथ यात्री भी जा सकेंगे। पैसेंजर के लिए बिजनेस क्लास,



एक्जिक्युटिव क्लास और इकोनोमी क्लास है। जहाज में 50 ट्रक, 100 कार, 50 मोटर साइकिल और 500 यात्रियों और 34 क्रू मेम्बर एक साथ फेरी सर्विस में रवाना हो सकेंगे। सामान्य रूप से सूरत के हजीरा से भावनगर के घोघा के बीच की दूरी तय करने में 10 से 12 घंटे लग जाते हैं। लेकिन रोपेक्स फेरी सर्विस शुरू होने से यह दूरी केवल 4 घंटों में पूरी हो जाएगी। रोपेक्स फेरी सर्विस शुरू होने से ट्रैफिक समस्या कम होने के साथ ही सस्ती यात्रा और पर्यावरण की भी हिफाजत होगी। पीएम मोदी हजीरा-घोघा रोपेक्स फेरी का प्रारंभ करें, उससे पहले 24 घंटों में 3800 यात्री और 1100 वाहनों का बुकिंग हो चुका है। गौरतलब है हाल में केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया था कि भारत के पास 1500 किलो मीटर समुद्र किनारा है, जिसमें ज्यादा से ज्यादा जल मार्ग सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। गुजरात में भावनगर के घोघा से सूरत के हजीरा के बीच रोपेक्स सर्विस बंद नहीं होगी। इससे पहले बंद होने के बारे मांडविया ने कहा था कि समुद्र की स्थिति बदल रही है और नर्मदा का बहाव बदलने से सर्विस बंद थी। इसके अलावा घोघा-हजीरा सर्विस के लिए हजीरा में टर्मिनल भी बनाना था। पीपावाव और सूरत, सूरत और दीव, मुंबई और पीपावाव को वोटर वे के जरिए जोड़ने का प्लानिंग किया जा रहा है। दीव में ड्रेजिंग का काम चल रहा है, जिसके पूर्ण होतेही क्रूज और रो रो फेरी सर्विस शुरू की जाएगी।

## राज्य में 1046 नए मरीज, 931 हुए ठीक, 5 मरीजों की कोरोना से मौत

**अहमदाबाद ( ईएमएस )।** राज्य में कोरोना के मामलों में फिर वृद्धि होने लगी है। पिछले तीन दिनों से राज्य में कोरोना के 1000 से अधिक केस सामने आ रहे हैं। आज 1046 नए केस दर्ज हुए हैं, जबकि 931 लोगों को डिस्चार्ज किया गया। जबकि 5 मरीजों की कोरोना से मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में 161, सूरत कॉर्पोरेशन में 151, वडोदरा कॉर्पोरेशन में 82, राजकोट कॉर्पोरेशन में 15, मेहसाणा में 51, राजकोट में 38, वडोदरा में 38, पाटन में 36, सूरत में 35, बनासकांठा में 24, नर्मदा में 24, गांधीनगर कॉर्पोरेशन में 22, अहमदाबाद में 21, भरुच में 20, जामनगर कॉर्पोरेशन में 20, कच्छ में 20, सुरेन्द्रनगर में 20, गांधीनगर में 11, साबरकांठा में 16, दाहोद में 15, मोरबी में 15, अमरेली में 14, जूनागढ़ में 12, खेडा में 12, पंचमहल में 11, गिर सोमनाथ में 10 और जामनगर में 10 समेत राज्यभर में कुल 1046 कोरोना पॉजिटिव केस दर्ज हुए। जबकि 931 लोग स्वस्थ होकर अपने घर लौट गए। इस दौरान अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में 2, बनासकांठा, सूरत कॉर्पोरेशन और वडोदरा में 1-1 समेत राज्य में कुल 5 मरीजों की कोरोना से मौत हो गई। आज 51161 समेत राज्यभर में अब तक 6416963 लोगों का टेस्ट किया गया, जिसमें कुल 119619 कोरोना पॉजिटिव केस दर्ज हुए। इसमें से 163111 लोग कोरोना को मात देकर ठीक हो चुके हैं, जबकि 3156 मरीजों की अब तक मौत हो चुकी है। राज्य में फिलहाल 12146 एक्टिव केसों में 12015 स्टेबल हैं और 11 मरीज वेन्टीलेटर पर हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में आज की तारीख में 499246 लोगों को कोरन्टाइन किया गया। जिसमें 499163 को होम कोरन्टाइन और 83 लोगों को फैसिलिटी कोरन्टाइन में रखा गया है।

## सोने के व्यवसाय में भागीदारी की लालच देकर युवती का आर्थिक और शारीरिक शोषण

**सूरत ( ईएमएस )।** सोने के व्यवसाय में भागीदारी और शादी की लालच देकर एक युवती का आर्थिक और शारीरिक शोषण किए जाने की घटना सामने आई है। पीड़ित युवती की शिकायत के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार सूरत के मोटा वराछा क्षेत्र में रहनेवाले नील चांदगढिया नामक युवक ने टेलीफोनिक संपर्क कर एक यवती से दोस्ती की और बाद में सोने के व्यवसाय में भागीदारी की उसको लालच दी। नील ने युवती से कहा कि वह दुबई से बेस्ट क्वॉलिटी का सोना लाकर भारत में बेचता है। इस व्यवसाय में तुम भागीदार बन जाओ पहला मुनाफा तुम्हें दूंगा। युवती नील के झांसे आ गई और उसके साथ दुबई गई। दुबई की होटल में शादी की लालच देकर नील ने युवती के कई दफा साथ शारीरिक संबंध बनाए। दुबई के अलावा सूरत में भी नील ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं सोने के व्यवसाय में निवेश करने के नाम पर नील ने युवती से 429450 रुपए ऐंठ लिए।

## प्रेमी के शादी से इंकार करने पर प्रेमिका ने फांसी लगाकर जान दे दी

**वलसाड ( ईएमएस )।** जिले के वाडी गांव में एक युवती ने प्रेमी द्वारा शादी से इंकार करने पर प्रेमिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता ने बेटी के प्रेमी और उसके पिता के खिलाफ शादी की लालच देकर शोषण करने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक वलसाड जिले की कपराडा तहसील के वाडी गांव में रहनेवाली युवती का पिछले तीन साल से एक युवक के साथ प्रेम संबंध था। मसगल की उसकी प्रेमी के साथ शादी की बात करने अपनी पत्नी और बेटी के साथ युवक के घर गए थे। जहां युवक और उसके पिता ने युवती के साथ शादी करने से स्पष्ट इंकार कर दिया।

## मध्य और दक्षिण गुजरात में भूकंप के झटके, तीव्रता 4.3

**अहमदाबाद ( ईएमएस )।** शनिवार की दोपहर मध्य और दक्षिण गुजरात भूकंप के झटके से थर्रा उठा। 4.3 की तीव्रता का भूकंप करीब 3 से 4 सैकंड तक महसूस किया गया। सदभाग्य से कम तीव्रता और कम समय के भूकंप के झटके से किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। कच्छ सौराष्ट्र के बाद आज मध्य और दक्षिण गुजरात में भूकंप के झटकों से अफरातफरी मच गई। सूरत, भरुच, नर्मदा, वलसाड, आणंद और खेडा जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए। शनिवार की दोपहर करीब 3.40 बजे मांगरोल, मांडवी, बारडोली और ओलपाड समेत कई इलाकों में भूकंप के झटके से लोगों में दहशत फैल गई। भूकंप के चलते स्थानीय लोग खासकर बहुमंजिला इमारतों में रहनेवाले लोग नीचे की ओर दौड़ पड़े।

# नाबालिग बहनों से दुष्कर्म कर तांत्रिक ने बनाया गर्भवती, तीन गिरफ्तार

**नवसारी ( ईएमएस )।** गणदेवी तहसील के एक गांव की दो नाबालिग बहनों के साथ तंत्र मंत्र के नाम पर नंदुरबार के तांत्रिक कई बार दुष्कर्म कर दोनों गर्भवती बना दिया। पीड़िताओं के पिता के शिकायत के आधार पर गणदेवी पुलिस ने साजिश, अपहरण और पोस्को के तहत मामला दर्ज कर तांत्रिक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक नवसारी जिले की गणदेवी तहसील के एक गांव में रहनेवाला व्यक्ति चाय और नाश्ते की दुकान चलाकर परिवार का जीवनयापन करता है। व्यक्ति की 1। वर्षीय विवाहित और एक नाबालिग बेटी है। तीन महीने पहले सुरेश रामसेवक पटेल नामक शख्स इस व्यक्ति को महाराष्ट्र के नंदुरबार में रहनेवाले तांत्रिक विष्णु महाराज उर्फ विष्णु चतुर नाइक के पास ले गया था। जहां व्यक्ति ने विष्णु नाइक को अपनी विवाहित बेटी की समस्या के बारे में बताया। तांत्रिक ने विधि के नाम पर तांत्रिक से 50000 रुपए मांगे। व्यक्ति अपनी बेटी को तांत्रिक के पास छोड़ अपने घर आया और उसके एकाउंट में रुपए जमा करवा दिए। दूसरी ओर तांत्रिक ने विधि के नाम पर उसे निर्वस्त्र कर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती जब तक तांत्रिक के पास रही उसके साथ वह दुष्कर्म करता रहा। कुछ दिन बाद पिता जब अपनी बेटी को लेने आया तब तांत्रिक ने कहा कि कुछ विधि करना बाकी है, इसलिए फिलहाल उसे यहीं रहने दो। बेटी ने शर्म के मारे तांत्रिक की करतूतों की शिकायत अपने पिता से नहीं की। कुछ दिन के बाद तांत्रिक ने फिर एक बार उसे बुलाया। लेकिन युवती ने जाने से मना कर दिया। इस पर तांत्रिक ने कहा कि विधि पूर्ण नहीं हुई तो आफत आ जाएगी।


फाइबरवेब (इंडिया) लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: एयरपोर्ट रोड, कडैया, नानी दमण, दमण (सं.प्र.)- 396210

वेबसाइट: www.fiberwebindia.com , ई-मेल आईडी: fiberweb@fiberwebindia.com, दूरभाष सं.T: 0260-2221458 , फैक्स सं..: 0260-2220758

सीआईएएन. : L25209DD1985PLC004694

(रूपये लाखों में)

दूसरी तिमाही और 6 महीने के अंत तक 30/09/2020 के लिए एकल और समेकित आवंछित वित्तीय परिणाम का विवरण

| | विवरण | एकल | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही की समाप्ति जारी वर्ष के अंत में 30.09.2020 | 30.09.2020 को 6 महीने समाप्त | 30.09.2019 के पिछले वर्ष के 3 महीने के अनुरूप | तिमाही की समाप्ति जारी वर्ष के अंत में 30.09.2020 | 30.09.2020 को 6 महीने समाप्त | 30.09.2019 के पिछले वर्ष के 3 महीने के अनुरूप |
| | | अनऑडिटेड | अनऑडिटेड | अनऑडिटेड | अनऑडिटेड | अनऑडिटेड | अनऑडिटेड |
| 1 | संचालन से कुल आय (अन्य आय सहित) | 2036.88 | 4930.61 | 3267.01 | 2036.88 | 4930.61 | 3267.01 |
| 2 | अवधि में शुभ लाभ/ (हानि) कर, एक्सेप्शनल एवं / या असाधरण वस्तुओं से पहले | 402.24 | 918.20 | 408.52 | 402.24 | 918.20 | 408.52 |
| 3 | कर से पहले, (एक्सेप्शनल एवं/ या असाधारण वस्तुओं के बाद) अवधि में शुद्ध लाभ/(हानि) | 402.24 | 918.20 | 408.52 | 402.24 | 918.20 | 408.52 |
| 4 | कर के बाद, (एक्सेप्शनल एवं/ या असाधारण वस्तुओं के बाद) अवधि में शुद्ध लाभ/(हानि) | 402.24 | 818.20 | 408.52 | 402.24 | 818.20 | 408.52 |
| 5 | अवधि में कुल व्यापक आय (अवधि में लाभ (हानि) सहित (कर के बाद), एवं अन्य कुल आय (कर के बाद)) | 402.24 | 818.20 | 408.52 | 402.24 | 818.20 | 408.52 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 2879.17 | 2879.17 | 2879.17 | 2879.17 | 2879.17 | 2879.17 |
| 7 | पिछले वर्ष की लेखापरिक्षित बैलेंस शीट में दिखाए गए अनुसार मूल्यांकित भंडार को छोड़कर (पूर्वमूल्यांकित भंडार को छोड़कर)। | - | - | - | - | - | - |
| 8 | प्रति शेयर कमाई (प्रत्येक के लिए 10/-रूपये ) (निरंतर एवं बंद संचालन के लिए) | | | | | | |
| | (a) मूलभूत | 1.40 | 2.84 | 1.42 | 1.40 | 2.84 | 1.42 |
| | (b) मंदित | 1.40 | 2.84 | 1.42 | 1.40 | 2.84 | 1.42 |

**नोट**

एकल और समेकित अवांछित परिणाम के उपरोक्त विवरण की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति ने की थी और 06.11.2020 को आयोजित बोर्ड मीटिंग में रिकॉर्ड पर लिया गया था। सांविधिक लेखा परीक्षकों ने दूसरे तिमाही के लिए अवांछित परिणामों की समिति समीक्षा और 30.09.2020 को समाप्त हुए 6 महीने किए हैं।

उपर्युक्त भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत शेयर बाजार के साथ दायर वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप शेयर बाजार की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर और कंपनी की वेबसाइट (www.fiberwebindia.com) पर उपलब्ध है।

उपर्युक्त परिणाम कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अधिसूचित भारतीय लेखा मानक (इंडेक्स एएस) के अनुपालन में है।।

कंपनी एकल अनुभाग में काम कर रही है जो कि पॉलिमर प्रसंस्करण एसलिए भा. लेमा 108- ऑपरेटिंग सेगमेंट द्वारा परिभाषित खंडवार रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

कंपनी ने 01.04.2017 से भारतीय लेखा मानक (IND AS) अपनाया और तदनुसार इन वित्तीय परिणामों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत प्रासंगिक नियमों के साथ पढ़ते हुए निर्धारित भारतीय लेखा मानक 34 अंतरिम वित्तीय प्रतिवेदन में निर्धारित मान्यता और माप सिद्धांतों के अनुसार तैयार किया गया है।

इसी पिछली तिमाही के आंकड़ों को तुलनात्मक बनाने के लिए आवश्यकतानुसार पुन: समूहित/पुन: वर्गीकृत किया गया है।

30 सितंबर, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए विनियमन 13 (3) सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के अनुसार निवेशक शिकायतों की जानकारी शुरूआत 00, प्राप्त 00, निपटान 00 और लंबित 00 ।

फाइबरवेब इंडिया लिमिटेड
बोर्ड निदेशकों की तरफ से

प्रवीण शेठ
निदेशक
स्थान: मुंबई

दिनांक: 07 नवंबर, 2020
DIN:00138797